अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-29
(भंडार अनुभाग-मुख्य अस्पताल)

दिनांक: 15/05/2020

सूचना

विषय: एम्स, नई दिल्ली में निविदा/खरीद में भाग लेने से दो (02) वर्षों की अवधि के लिए मैसर्स हंसराज नैय्यर मेडिकल इंडिया पर रोक लगाने संबंधी।

संदर्भ निविदा सं.-37/एच/एम. एवं ई./2012-13, सिरिंज इंफ्यूजन पंप (55 इकाईयां) की खरीद।

यह नोटिस एम्स, नई दिल्ली में आपकी फर्म (मैसर्स हंसराज नैय्यर मेडिकल इंडिया) द्वारा आपूर्ति आर्डर सं.2160/अस्प./एस.एस.के.-II/2012-13 के अनुरूप सिरिंज इंफ्यूजन पंप के पचपन (55) इकाईयों की आपूर्ति एवं उन्हें स्थापित करने के संदर्भ में है। इस संबंध में, एतदद्वारा, यह सूचित किया जाता है कि चूंकि आपकी फर्म संतोषजनक बिक्री उपरांत सेवाएं देने में असफल रही, दिनांक 03/05/2019 के एक पत्र में आपकी फर्म द्वारा सभी 55 पंपों को बदलने का प्रस्ताव दिया गया। तदनुसार, संस्थान द्वारा उक्त पंपों को बदला तथा आपसे निदेशक- एम्स, नई दिल्ली (खाता संख्या-10874584010, आई.एफ.एस.सी.-SBIN0001536, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029) के खाते में ₹12,32,000.00/- (55 इकाईयों की क्रय लागत) की राशि जमा कराने का अनुरोध किया था। उपलब्ध रिकॉर्डों के अनुसार आपकी फर्म बार-बार याद दिलाने पर भी ₹12,32,000.00/- की राशि जमा कराने में असफल रही। सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस मामले को गम्भीरता से लिया गया तथा आपकी फर्म को एम्स, नई दिल्ली के निविदाओं में भाग लेने से दो (02) वर्षों की अवधि के लिए रोकने का निर्णय किया गया।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, अधोहस्ताक्षरी को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन को संप्रेषित करने का निदेश हुआ है कि अपर्याप्त एवं असंतोषजनक बिक्री उपरांत सेवाएं देकर निविदा समझौता का उल्लंघन करने के कारण आपकी फर्म, **मैसर्स हंसराज नैय्यर मेडिकल इंडिया** (1416, मेकर चेम्बर्स-V, 14वां तल, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021, भारत) को **दिनांक 16.05.2020 से 15.05.2022 तक एम्स में दो (02) वर्षों की अवधि के लिए निविदाओं में भाग लेने से** रोक दिया गया है।

इसे सक्षम प्राधिकारी, एम्स के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

अ.शर्मा

भण्डार अधिकारी (अस्पताल)

सेवा में,
मैसर्स हंसराज नैय्यर मेडिकल इंडिया
1416, मेकर चेम्बर्स-V,
14वां तल, नरीमन पॉइंट,
मुंबई-400021, भारत
ई-मेल- mumbai@hansrajnayyar.com
chetannayyar@hansrajnayyar.com

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
2 9 MAY 2020

प्रतिलिपि: चिकित्सा अधीक्षक, सभी केंद्रों के प्रमुखगण, एम्स, प्रभारी अधिकारी (एम एवं ई), भण्डार लेखा अनुभाग तथा
कम्प्यूटर सुविधा-संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड/प्रकाशित करने के अनुरोध सहित।